भारत सरकार
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 2832

दिनांक 08 अगस्त, 2024

इथेनॉल मिश्रित ईंधन को अपनाने की दर

†2832. श्री बसवराज बोम्मई :
श्रीमती स्मिता उदय वाघ:
श्री तापिर गाव:
श्री खगेन मुर्मु:

क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) 2014 से इथेनॉल मिश्रित ईंधन को अपनाने की दर में कितनी वृद्धि हुई है;

(ख) 2014 से इथेनॉल मिश्रण आउटलेट की संख्या में कितनी वृद्धि हुई है; और

(ग) इथेनॉल मिश्रण से वर्ष-वार कितनी विदेशी मुद्रा की बचत हुई है?

उत्तर
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री सुरेश गोपी)

(क) : सरकार एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल (ईबीपी) कार्यक्रम के तहत पेट्रोल में एथेनॉल के मिश्रण को बढ़ावा दे रही है जिनमें सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कम्पनियां (ओएमसीज) एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल की बिक्री करती हैं। ईबीपी कार्यक्रम के तहत, पेट्रोल के साथ एथेनॉल का मिश्रण ईएसवाई 2013-14 में 38 करोड़ लीटर से बढ़कर ईएसवाई 2022-23 में 500 करोड़ लीटर से अधिक हो गया और मिश्रण प्रतिशत में तदनुरूपी वृद्धि 1.53 प्रतिशत से बढ़कर 12.06 प्रतिशत हो गई है। चालू ईएसवाई 2023-24 के दौरान, मिश्रण प्रतिशत पहले ही 13 प्रतिशत से अधिक हो गया है।

(ख) : वर्ष 2014 से, एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल की बिक्री कर रही खुदरा बिक्री केन्द्रों की संख्या में लगातार वृद्धि हुई है। वर्ष 2014 में, सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कम्पनियों के 27,900 खुदरा बिक्री केन्द्रों से एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल की बिक्री की गई थी जो वर्ष 2024 में बढ़कर पूरे देश में सभी खुदरा बिक्री केन्द्रों तक हो गई है।

(ग) ईबीपी कार्यक्रम के तहत, एथेनॉल आपूर्ति वर्ष (ईएसवाई) 2018-19 से एथेनॉल आपूर्ति वर्ष (ईएसवाई) 2022-23 तक एथेनॉल मिश्रित कार्यक्रम (ईबीपी) के कारण अनुमानित विदेशी मुद्रा बचत निम्नवत है:

ईएसवाई (1 दिसम्बर से 30 नवम्बर)	अनुमानित विदेशी मुद्रा बचत (करोड़ रु. में)
2018-19	5500
2019-20	3500
2020-21	10100
2021-22	22500
2022-2023* *(1 दिसम्बर से 31 अक्टूबर)	24300

***